# अध्याय – 2 | मानव जनन

QUIZ PART-01

1. **मनुष्य किस प्रकार का प्राणी है?**
   A. अंडजनक B. जरायुज
   C. बीजाणुजनक D. अंकुरजनक (B)

*व्याख्या :* मनुष्य जरायुज (Viviparous) प्राणी है क्योंकि इसमें भ्रूण का विकास माता के शरीर के अंदर गर्भाशय में होता है।

2. **वृषण कहाँ स्थित होते हैं?**
   A. उदरगुहा के भीतर
   B. मूत्राशय के नीचे
   C. वृषणकोष (Scrotum) में
   D. मूत्रमार्ग के पास (C)

*व्याख्या :* वृषण शरीर के बाहर स्थित वृषणकोष में पाए जाते हैं, जिससे उनका तापमान शरीर से 2–2.5°C कम रहता है जो शुक्राणुजनन के लिए आवश्यक है।

3. **प्रत्येक वृषण में कितनी वृषणपर्णिकाएँ (testicular lobules) होती हैं?**
   A. लगभग 50 B. लगभग 150
   C. लगभग 250 D. लगभग 400 (C)

*व्याख्या :* प्रत्येक वृषण में लगभग 250 वृषणपर्णिकाएँ होती हैं, जिनमें शुक्रजनक नलिकाएँ उपस्थित होती हैं जो शुक्राणु निर्माण का स्थान हैं।

4. **शुक्रजनक नलिकाओं में कौन-सी दो प्रकार की कोशिकाएँ पाई जाती हैं?**
   A. सटोली कोशिकाएँ और लीडिंग कोशिकाएँ
   B. शुक्राणु कोशिकाएँ और सटोली कोशिकाएँ
   C. नाभिकीय कोशिकाएँ और प्रोटीन कोशिकाएँ
   D. केवल लीडिंग कोशिकाएँ (B)

*व्याख्या :* शुक्रजनक नलिकाओं में दो प्रकार की कोशिकाएँ होती हैं — नर जनन कोशिकाएँ जो शुक्राणु बनाती हैं, और सटोली कोशिकाएँ जो उन्हें पोषण देती हैं।

5. **लीडिंग कोशिकाएँ (Leydig cells) किस कार्य के लिए उत्तरदायी हैं?**
   A. शुक्राणु निर्माण
   B. हार्मोन एंड्रोजन का स्राव
   C. शुक्राणुओं का पोषण
   D. शुक्राणुओं का भंडारण (B)

*व्याख्या :* लीडिंग कोशिकाएँ इंटरस्टिशियल ऊतक में स्थित होती हैं और ये एंड्रोजन (पुरुष हार्मोन) का स्राव करती हैं जो पुरुष गुणों के विकास में सहायक होते हैं।

6. **अधिवृषण (Epididymis) का मुख्य कार्य क्या है?**
   A. शुक्राणु निर्माण
   B. शुक्राणुओं का भंडारण और परिपक्वता
   C. वीर्य निर्माण
   D. मूत्र का संचय (B)

*व्याख्या :* अधिवृषण वृषण की पश्च सतह पर स्थित होता है और यह शुक्राणुओं के भंडारण व परिपक्वता का कार्य करता है।

7. **मूत्रमार्ग के माध्यम से कौन-सा पदार्थ बाहर निकलता है?**
   A. केवल मूत्र
   B. केवल शुक्राणु
   C. मूत्र और वीर्य दोनों
   D. केवल वीर्य (C)

*व्याख्या :* मूत्रमार्ग एक सामान्य नली है जो मूत्राशय और जनन नलिकाओं दोनों से जुड़ी होती है और मूत्र तथा वीर्य दोनों के निष्कासन का कार्य करती है।

8. **बवबोयूरेथ्रल ग्रंथि का कार्य क्या है?**
   A. शुक्राणु बनाना
   B. वीर्य में शर्करा मिलाना
   C. मैथुन के समय स्नेहन (lubrication) प्रदान करना
   D. वीर्य को सघन बनाना (C)

*व्याख्या :* बवबोयूरेथ्रल ग्रंथियाँ मैथुन के दौरान स्नेहन प्रदान करती हैं जिससे शुक्राणु निष्कासन में सहायता मिलती है।

9. **वीर्य (Semen) में कौन-से घटक पाए जाते हैं?**
   A. फ्रक्टोज, कैल्शियम और एंजाइम
   B. केवल प्रोटीन
   C. केवल हार्मोन
   D. पानी और लवण (A)

*व्याख्या :* सेमिनल प्लाज्मा में फ्रक्टोज, कैल्शियम और एंजाइम जैसे घटक पाए जाते हैं जो शुक्राणुओं को पोषण और गतिशीलता प्रदान करते हैं।

10. **पुरुष जनन तंत्र की कौन-सी ग्रंथियाँ सहायक ग्रंथियाँ कहलाती हैं?**
    A. वृषण, अधिवृषण, शुक्रवाहिनी
    B. शुक्राशय, प्रोस्टेट और बवबोयूरेथ्रल ग्रंथियाँ
    C. केवल प्रोस्टेट
    D. केवल शुक्राशय (B)

*व्याख्या :* शुक्राशय, प्रोस्टेट और बवबोयूरेथ्रल ग्रंथियाँ सहायक ग्रंथियाँ कहलाती हैं क्योंकि ये वीर्य निर्माण और निषेचन प्रक्रिया में सहायक होती हैं।

DESH KA APNA SCHOOL